किराये की मकान में 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर दी जान, पारिवारिक विवाद की आशंका

मैरवा। थाना क्षेत्र के दरौली रोड स्थित शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मैरवा धाम के समीप एक 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मैरवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।मृतक की पहचान वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के अर्थी गांव निवासी अनिल सिंह के पुत्र रिशु कुमार सिंह (23) के रूप में हुई है। वह स्थानीय बिजली वितरण निगम में मीटर लगाने का काम करता था और मैरवा धाम स्थित शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के समीप किराए के मकान में रहता था।मिली जानकारी के अनुसार, दीपावली की रात पारिवारिक सदस्यों से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह तनाव में था। आशंका जताई जा रही है कि इसी पारिवारिक विवाद के चलते उसने किराए के मकान में फांसी लगाकर जान दे दी। हालांकि, आत्महत्या के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।घटना की सूचना पर पुलिस ने फॉरेंसिक टीम और अंचलाधिकारी मैरवा गौतम कुमार सिंह की मौजूदगी में शव को पंखे से नीचे उतारा। पुलिस ने मृतक के गर्दन सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान होने की बात कही है। इससे मामले की जांच को लेकर पुलिस सभी पहलुओं पर छानबीन कर रही है।पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। उनके सीवान पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। घटना की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया।मैरवा थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजनों की ओर से शिकायत मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दो गांवों में अगलगी से एक लाख की संपत्ति राख

कुचायकोट। कुचायकोट थाना दीपावली की दिन रविवार को कुचायकोट और गोपालपुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में आग लगने से करीब एक लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गई। दोनों घटनाओं में पीड़ित परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।पहली घटना कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी गांव की है। यहां निवासी स्व मोहन राजभर की आवासीय झोपड़ी में अचानक आग लग गई।आग की लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि घर के लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही पूरी झोपड़ी आग की चपेट में आ गई।देखते ही देखते झोपड़ी और उसमें रखा सामान जलकर राख हो गया।

गोरेयाकोठी में यूट्यूबर अभिषेक कुमार यादव गिरफ्तार बीडीओ से धक्का-मुक्की का आरोप, भेजे गये जेल

गोरेयाकोठी (सीवान)। गोरेयाकोठी बाजार में अतिक्रमण हटाने के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के साथ कथित धक्का-मुक्की और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में यूट्यूबर अभिषेक कुमार यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उनकी गिरफ्तारी के बाद स्थानीय व्यवसायियों, दुकानदारों और ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है।स्थानीय लोगों के अनुसार, दीपावली के अवसर पर गोरेयाकोठी बाजार में पटाखों की दुकानों सहित सड़क किनारे लगाई गई अस्थायी दुकानों को हटाने की कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान डिजिटल पत्रकार अभिषेक कुमार यादव ने बीडीओ से सवाल किया कि गरीब दुकानदार अपनी दुकानें हटाने के बाद रोजी-रोटी का इंतजाम कहां से करेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि सवाल पूछने के बाद ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।वहीं, पुलिस का आरोप है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान अभिषेक कुमार यादव ने सरकारी कार्य में बाधा डाली और बीडीओ के साथ धक्का-मुक्की की। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।घटना के बाद स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उनका दावा है कि पूरी घटना आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। आरोप है कि कार्रवाई के दौरान दो दुकानदारों के सीसीटीवी कैमरों के तार और हार्ड डिस्क भी क्षतिग्रस्त कर दिए गए तथा उन्हें थाना ले जाया गया। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।स्थानीय लोगों ने लकड़ी नबीगंज क्षेत्र में भी प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान सरकारी कार्य में बाधा डालने की प्राथमिकी दर्ज किए जाने को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि प्रशासन को कार्रवाई के दौरान आम लोगों और दुकानदारों की रोजी-रोटी का भी ध्यान रखना चाहिए।इस घटना के बाद क्षेत्र में प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है।

लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर किया घायल

भोरे। भोरे थाने के शिवराजपुर गांव में गाली गलौज का विरोध करने पर लोहे के रॉड से वृद्ध पर जानलेवा हमला कर दिया गया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।मामले को लेकर घायल वृद्ध की बहु सोनी देवी ने उसी गांव के सुमेर राम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।बताया जाता है गांव के दुर्योधन मांझी शनिवार की रात खाना खाकर घर में सोने जा रहे थे। इसी बीच सुमेर आकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर घटना को अंजाम दिया।

विनोद मटिहनिया में दंगल प्रतियोगिता संपन्न, पहलवानों ने दिखाया दमखम

कुचायकोट। कुचायकोट प्रखंड के विनोद मटिहनिया स्थित शनिचरी बाजार में सोमवार को भव्य दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसमें बिहार,उत्तर प्रदेश और झारखंड के महिला एवं पुरुष पहलवानों ने अपनी कुश्ती कला, दमखम और शानदार दांव-पेच का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान एक से बढ़कर एक रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पहलवानों के जोरदार प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया।प्रतियोगिता का प्रमुख मुकाबला पडरौना के पहलवान लालू और बनारस के शिवम पहलवान के बीच हुआ, जिसमें शिवम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। वहीं,बनारस के अंकित पहलवान और गाजीपुर के सावन पहलवान के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस मुकाबले में सावन पहलवान ने अपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित कर बाजी मारी।इसके अलावा गया के सावन पहलवान,सतन पहलवान सहित अन्य पहलवानों ने भी अपने-अपने मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी।इससे पूर्व गोविंदगंज के पूर्व विधायक राजन तिवारी,कार्यक्रम के आयोजक बड़कू तिवारी एवं अन्य अतिथियों ने फीता काटकर दंगल प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।इस अवसर पर अशोक पांडेय,श्याम बिहारी पांडेय,धर्मेंद्र मिश्रा,विनय दुबे सहित बड़ी संख्या में दंगल प्रेमी और दर्शक उपस्थित रहे। देर शाम तक कुश्ती के रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला जारी रहा।

धूमधाम से मनी दीपावली

सिधवलिया। सिधवलिया प्रखंड क्षेत्र में प्रकाश का पर्व दीपावली धूमधाम से मनाया गया। अहले सुबह से ही घरों की साफ-सफाई एवं अन्य तैयारियां चल रही थीं। शाम होते ही पूरा क्षेत्र दीयों की रोशनी से जगमगा उठा।

युवाओं,बच्चों और महिलाओं ने पटाखे छोड़कर दीपावली का पर्व मनाया। घरों पर जलाए गए दीये एवं लगाई गई झालरियां घरों एवं दुकानों की शोभा बढ़ा रही थीं। लोगों ने अपने घरों को आकर्षक ढंग से सजाया था। दुकानदारों एवं प्रत्येक घरों में गणेश एवं लक्ष्मी की पूजा-अर्चना श्रद्धा भक्ति से की गई। लोगों ने सुख-समृद्धि की कामना करते हुए विधि-विधान से पूजा की। बाजारों में दिनभर काफी भीड़ रही। लोगों ने जमकर खरीदारी की। मिठाई,दीया,पटाखा और सजावट के सामानों की दुकानों पर विशेष भीड़ देखी गई। दीपावली को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। देर रात तक आतिशबाजी का दौर चलता रहा। लोगों ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाई दी और मिठाइयां बांटी।शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने को लेकर पुलिस भी मुस्तैद रही।

दीपों की रोशनी से जगमगाया कुचायकोट, धूमधाम से मनी दीपावली

कुचायकोट। कुचायकोट प्रखंड क्षेत्र में दीपों की जगमगाहट, रंग-बिरंगी रोशनी और आतिशबाजी के बीच रविवार को प्रखंड क्षेत्र में दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया।पर्व को लेकर सुबह से ही लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।बाजारों से लेकर गांवों तक हर तरफ उत्सवी माहौल बना रहा।लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाकर दीपोत्सव की खुशियां मनाईं।शाम ढलते ही घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में दीप जल उठे।रंग-बिरंगी बिजली की झालरों और मोमबत्तियों की रोशनी से पूरा इलाका जगमगा उठा। इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों में विधि-विधान के साथ मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख,समृद्धि और खुशहाली की कामना की।कुचायकोट, सासामुसा, जलालपुर,राजापुर,बलथरी समेत प्रखंड के विभिन्न बाजारों और गांवों में देर रात तक पूजा-पाठ का सिलसिला चलता रहा।पूजा संपन्न होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर दीपावली की बधाई दी और खुशियां साझा कीं। बच्चों और युवाओं में पटाखे फोड़ने को लेकर विशेष उत्साह रहा। देर रात तक आतिशबाजी की गूंज सुनाई देती रही।हालांकि,प्रशासन की ओर से बाजार के बीच पटाखों की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया था,इसके बावजूद कई दुकानों पर पटाखों की बिक्री होती रही।लोगों ने जमकर आतिशबाजी की।कुल मिलाकर पूरे प्रखंड में दीपावली का त्योहार उत्साह और उमंग के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया।

प्रखंड में धूमधाम से मनी दीपावली

थावे। थावे प्रखण्ड में दीपो का पर्व दीपावली धुमधाम से रविवार को मनाई गई। सुबह से दुकानदार एवं लोगों द्वारा अपने अपने घरों और दुकानो की सफाई में लगे हुए थे।शाम होत्ते ही लोग अपने अपने घरों में दीपक जलाएं। इसके साथ ही पूरा घरों को दीपक,मोमबत्ती और रंग बिरंगी झालर से सजाया गया था।पूरा प्रखंड क्षेत्र रोशनी से जगमगा उठा। धन की देवी माँ लक्ष्मी एवम गणेश की पूजा लोगों द्वारा दुकान एवं घरों में किया गया।।पूरा क्षेत्र दीपक से प्रकाश मय हो गया।देर रात तक दुकानों में धन की देवी मा लक्ष्मी का पूजा होती रही। इस दौरान जम कर आतिशबाजी भी हुई।पूरा क्षेत्र पटाखे से गुजयमान रहा।बताया जाता हैं दीपावली के दिन माँ लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करने से धन की बृद्धि होती है।दीपावली के दिन बाजारों में काफी भीड़ थी। इस अवसर पर लोगों ने मा लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ ही जमकर मिठाई की भी खरीददारी की।

अतिक्रमण हटाने के दौरान बीडीओ और सीओ से धक्का-मुक्की, दो गिरफ्तार

सीवान। गोरेयाकोठी बाजार में दीपावली के अवसर पर सड़क से अतिक्रमण हटाने के दौरान सरकारी कार्य में बाधा डालने और प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी के साथ धक्का-मुक्की करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। घटना में बीडीओ का दाहिना हाथ फ्रैक्चर हो गया, जबकि अंचलाधिकारी भी घायल हो गए।पुलिस के अनुसार, 7 नवंबर को गोरेयाकोठी बाजार में सड़क पर अस्थायी दुकानें लगाकर अतिक्रमण किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार सिंह और अंचलाधिकारी अतुल कुमार सिंह पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों द्वारा दुकानदारों को सड़क से दुकानें हटाने के लिए समझाया जा रहा था।इसी दौरान अभिषेक कुमार यादव, कृष्ण प्रताप सिंह और चार-पांच अन्य लोगों पर दुकानदारों एवं वहां मौजूद लोगों को उकसाकर सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप है। आरोप है कि इस दौरान अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार और धक्का-मुक्की भी की गई। इसमें बीडीओ अभय कुमार सिंह का दाहिना हाथ गंभीर रूप से फ्रैक्चर हो गया, जबकि सीओ अतुल कुमार सिंह भी घायल हो गए। दोनों अधिकारियों का इलाज गोरेयाकोठी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया।इस मामले में बीडीओ के लिखित आवेदन पर गोरेयाकोठी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया। पुलिस ने नामजद आरोपित गोरेयाकोठी निवासी अभिषेक कुमार यादव और कृष्ण प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस आगे की विधि सम्मत कार्रवाई कर रही है।

चाकूबाजी कांड में एक और आरोपी गिरफ्तार

रघुनाथपुर (सीवान)। थाना क्षेत्र के कौशर बगीचा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई चाकूबाजी की घटना में पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान कौशर बगीचा गांव निवासी सजन यादव के पुत्र दिपु उर्फ दीपुक यादव के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध कर चुकी है।

पुलिस के अनुसार, छह नवंबर 2026 को कौशर बगीचा गांव में दो पक्षों के बीच आपसी विवाद को लेकर चाकूबाजी हुई थी। इस घटना में विजय यादव के पुत्र करण यादव की मौत हो गई थी, जबकि अर्जुन यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल अर्जुन यादव को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, सीवान भेजा गया था।घटना की सूचना मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 मैरवा और रघुनाथपुर थानाध्यक्ष तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। घटनास्थल की वैज्ञानिक जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया था। टीम ने आवश्यक साक्ष्य संकलित किए।इस मामले में घायल अर्जुन यादव के फर्दबयान के आधार पर रघुनाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दिपु उर्फ दीपुक यादव को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, घटना में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तारी अभियान में रघुनाथपुर थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक रवि रंजन सिंह और थाने के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। मामले का अनुसंधान जारी है।

घर में पटाखा फेंकने से मना करने पर मारपीट, दो घायल

बरौली। बरौली नगर परिषद के सुरवल वार्ड में रविवार की रात घर में पटाखा जलाकर फेंकने से मना करने पर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। इस दौरान लाठी-डंडे से हमला कर दो लोगों को घायल कर दिया गया। घायलों की पहचान वार्ड निवासी 35 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह और 26 वर्षीय अशोक सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद स्वजन दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरौली ले गए। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र सिंह की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज रेफर कर दिया। वहीं,अशोक सिंह का इलाज सीएचसी में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, रविवार की रात धर्मेंद्र सिंह अपने परिवार के साथ घर में लक्ष्मी पूजा कर रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले के कुछ लड़के पटाखा जलाकर उनके घर में फेंकने लगे। इसका विरोध करते हुए धर्मेंद्र सिंह ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद लाठी-डंडे से हमला कर धर्मेंद्र सिंह और अशोक सिंह को घायल कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

पुलिस के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार मामले में 80 लोगों पर प्राथमिकी, पांच गिरफ्तार

सिसवन। चैनपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव स्थित नोनिया टोली में पुलिस के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में 30 लोगों को नामजद तथा 50 अज्ञात महिला-पुरुषों को आरोपित किया गया है।थानाध्यक्ष विजयरंजन कुमार के आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला समेत पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।मामले के अनुसंधान की जिम्मेदारी एक अनुसंधानकर्ता को सौंपी गई है। पुलिस प्राथमिकी में दर्ज आरोपों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। साथ ही अन्य आरोपितों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई में जुटी है।

शराब के नशे में आठ गिरफ्तार, पहुंचा न्यायालय

सिधवलिया। उत्पाद विभाग की टीम ने बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर शराब के नशे में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी को न्यायालय भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि उत्पाद विभाग की टीम ने कृतपुरा गांव के राजेश्वर सिंह,साहेब अली,मदन सहनी,फैजुल्लाहपुर के बलिराम सिंह,संजय सिंह,मीरा टोला के मनोज यादव,बसहाँ के गजेंद्र राम और गमहारी गांव के सैम्युद्दीन अंसारी को शराब के नशे में गिरफ्तार किया। जांच में सभी के शराब पीने की पुष्टि हुई। सभी के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी कर न्यायालय भेज दिया गया है।

प्रखंड में गोबर से बनी गोवर्धन देव की प्रतिमा

थावे। थावे प्रखंड क्षेत्र में गोवर्धन पूजा परंपरागत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। दीपावली पर्व रविवार को सम्पन्न होने के बाद सोमवार को गांव-गांव में बच्चियां और महिलाएं मिलकर घर के सामने गोबर से गोवर्धन देव की प्रतिमा बनाने में जुट गईं।महिलाओं ने गोबर से गोवर्धन पर्वत का आकार दिया और उसे फूल,दूर्वा,अक्षत और दीपों से सजाया। प्रतिमा के पास अन्नकूट का भोग लगाया गया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान महिलाओं ने गोवर्धन भगवान की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि और अच्छी फसल की कामना की।मान्यता है कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के प्रकोप से ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाया था। तभी से गोवर्धन पूजा की परंपरा चली आ रही है।

परिवारिक कहानी पर आधारित दो बहुओं की कहानी पर बनेगी भोजपुरी फिल्म

गोपालगंज भोजपुरी फिल्म जगत में एक बार फिर गोपालगंज की माटी से एक नई और शानदार फिल्म बनने जा रही है। प्रबुद्ध इंटरटेनमेंट प्रोडक्शन हाउस,नेचुआ जलालपुर, गोपालगंज द्वारा 'गोपालगंज वाली-सीवान वाली' नामक भोजपुरी फीचर फिल्म का निर्माण किया जा रहा है।

यह फिल्म डॉ.श्री प्रकाश बरनवाल,राष्ट्रीय अध्यक्ष-एक्यूप्रेशर काउंसिल,प्रबंध निदेशक-प्रबुद्ध इंटरटेनमेंट, प्रदेश अध्यक्ष-इंडियन फिल्म मेकर एसोसिएशन बिहार चैप्टर के मार्गदर्शन में बनाई जा रही है।

क्या है फिल्म की कहानी? फिल्म में 'गोपालगंज वाली' और 'सीवान वाली' नाम की दो बहुएं हैं, जो अपने परिवार को सुखमय बनाने के लिए अपने सास-ससुर और पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती हैं और समाज में एक अच्छी मिसाल प्रस्तुत करती हैं। यह फिल्म पारिवारिक मूल्यों,बहुओं के सम्मान और सास-बहू के मधुर रिश्ते को दिखाएगी।

इस फिल्म की खास बात यह है कि इसमें गोपालगंज,सीवान सहित बिहार के ही कलाकार अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाएंगे। फिल्म की शूटिंग गोपालगंज एवं सीवान के विभिन्न खूबसूरत लोकेशनों पर दिसंबर 2026 में होगी।

कलाकार बनने का सुनहरा मौका : फिल्म के लिए नए कलाकारों के चयन हेतु 14 नवंबर 2026 तक व्हाट्सएप नंबर 9934969232 पर बायोडाटा आमंत्रित किया गया है।

शॉर्टलिस्ट किए गए कलाकारों का चयन साक्षात्कार 18 नवंबर 2026 को होगा,जिसके बाद चयनित कलाकारों के साथ एग्रीमेंट किया जाएगा। उक्त जानकारी इंडियन फिल्म मेकर एसोसिएशन,बिहार चैप्टर की प्रदेश सचिव डॉ. वंदना शर्मा ने आज प्रेस को दी। उन्होंने बिहार के इच्छुक युवक-युवतियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

सरकारी प्राइमरी-मिडिल स्कूलों के...

आधार पर पूरा कराने की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। यह भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप की जा रही है। इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों के साथ जोड़ना है, ताकि छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी से स्कूली शिक्षा में प्रवेश करने में आसानी हो।

76 हजार स्कूलों में बुनियादी...

विद्यालय भवनों की छोटी-मोटी मरम्मत, रंग-रोगन, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की साफ-सफाई और रखरखाव समेत अन्य जरूरी कार्य कराए जा सकेंगे। इसके अलावा शिक्षण गतिविधियों के संचालन में आने वाली आवर्ती आवश्यकताओं को भी पूरा करने में इस राशि का उपयोग किया जा सकेगा। स्कूलों में उपलब्ध संसाधनों को दुरुस्त रखने और विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में भी यह राशि मददगार होगी। कंपोजिट ग्रांट उपलब्ध होने से स्कूलों को अपनी वास्तविक जरूरतों के आधार पर काम कराने में सहूलियत होगी। किसी स्कूल में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की जरूरत होगी, तो कहीं शौचालय या कक्षा-कक्षों की मरम्मत प्राथमिकता हो सकती है। इसी तरह बिजली, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान किया जा सकेगा। इससे स्कूलों को छोटी समस्याओं के लिए बार-बार विभागीय कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इस पहल से राज्य के 76 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने का रास्ता खुलेगा। विद्यालयों के रखरखाव के लिए नियमित रूप से संसाधन उपलब्ध होने से भवन और परिसर की स्थिति बेहतर रखने में मदद मिलेगी। इसका सीधा लाभ विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिलेगा।

पीएम कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स...

शामिल रहेगा. इसके साथ ही बिहार की कई अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का भी उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा. इससे राज्य में विकास से जुड़ी परियोजनाओं को नई गति मिलने की उम्मीद है.

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि वैशाली में 1243 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई है. इस भूमि पर पार्क निर्माण की योजना है. प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान बिहार के विकास से जुड़ी इन योजनाओं को भी प्रमुखता दी जाएगी.

बिहार में 20 नवंबर को नई सरकार के गठन का एक साल पूरा हो रहा है. इसके अगले ही दिन यानी 21 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार पहुंचेंगे. एनडीए नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री का वैशाली आगमन ऐतिहासिक और यादगार होगा. नेताओं ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री के आगमन के बाद वैशाली विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी. उनके दौरे को लेकर गठबंधन के कार्यकर्ता और नेता भी तैयारियों में जुटेंगे.

उत्तराखंड स्थापना दिवस पर...

लिखा कि कुछ वर्ष पहले बाबा केदार के चरणों में उन्होंने कहा था कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। आज यहां के लोगों का परिश्रम और संकल्प उस विश्वास को साकार कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने पत्र में कहा कि उत्तराखंड की डबल इंजन सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र के समान विकास के लिए काम कर रही है। राज्य की कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर में एक दशक के दौरान काफी विस्तार हुआ है। कभी दुर्गम और दूरस्थ माने जाने वाले क्षेत्र आज विकास और सुविधाओं से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने करीब 890 किलोमीटर लंबी चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना पर 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। वहीं, 125 किलोमीटर लंबी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना पर काम चल रहा है। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के निर्माण से दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय कम होगा। देहरादून एयरपोर्ट के विस्तार, पिथौरागढ़ एयरपोर्ट के संचालन और पंतनगर एयरपोर्ट के विकास से हवाई कनेक्टिविटी भी मजबूत हुई है। पत्र में प्रधानमंत्री ने केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण और बदरीनाथ धाम में करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे मास्टर प्लान के कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने सीमावर्ती गांवों को देश की सुरक्षा और सामर्थ्य का प्रतीक बताते हुए वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत वहां पर्यटन, स्थानीय संस्कृति और रोजगार के अवसर बढ़ाने की बात कही। पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और हजारों होमस्टे के माध्यम से स्थानीय परिवारों की आय के नए स्रोत विकसित हुए हैं।

संपन्न परिवारों से बिजली...

संसद के दौरान भी संपन्न परिवारों और आयकरदाताओं से बिजली सब्सिडी छोड़ने की अपील की थी।

मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से आदिवासी क्षेत्रों में जाकर दलित और अत्यंत पिछड़े समुदायों के लोगों के साथ दीपावली मनाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इन समुदायों के लोगों के सुख-दुख में शामिल होना चाहिए और उनके जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि त्योहार सभी को मिलकर मनाना चाहिए और कोई भी व्यक्ति इससे वंचित नहीं रहना चाहिए। इसी उद्देश्य से वह खुद भी झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले लोगों के बीच पहुंचे हैं।

आरा डबल मर्डर : बख्शे नहीं...

लोगों ने सड़क जाम करके बवाल किया।

यह वारदात जिले के के बिहिया थाना क्षेत्र के रामडीहरा गांव स्थित सूर्य मंदिर के समीप रविवार देर रात की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से मुआवजे का ऐलान किया और पदाधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा है कि बिहिया थाना क्षेत्र के रामडिहरा गांव में आपसी विवाद के बाद तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने की घटना अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। इस घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मृतकों के निकटतम परिजन को अनुग्रह अनुदान के रूप में 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने का निर्देश दिया है। प्रशासन को सभी घायलों का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने तथा घटना के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। सीएम ने कहा है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

वारदात को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश स्कॉर्पियो लेकर फरार हैं। गांव के लोगों ने बताया कि बिहिया थाना क्षेत्र के रामडीहरा गांव निवासी रामनरेश यादव के 55 वर्षीय पुत्र दिनेश यादव और 50 वर्षीय पुत्र कमलेश यादव की मौत हो गई। दोनों सगे भाई थे। दिनेश यादव के बेटे ने बताया कि जानबूझकर उनकी हत्या की गई है। इस घटना में गांव के राजेश कुमार, रितु कुमार, कृष्णा कुमार एवं रमेश यादव सहित एक अन्य व्यक्ति जख्मी हो गए। सभी घायलों को आरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

बताया जाता है कि दीपावली की रात रामडीहरा गांव स्थित सूर्य मंदिर के समीप जब सभी लोग पूजा करने के बाद छठ पूजा का गाना बजा रहे थे। तभी शराब के नशे में स्कार्पियो सवार दस बदमाश आए गाना बंद करने के लिए कहने लगे। इसी बात को लेकर उनके बीच नोकझोंक हुई, जिसके बाद स्कार्पियो सवार सभी बदमाश स्कोर्पियो पर बैठे और पीछे जाकर तेज रफ्तार में स्कॉर्पियो से सभी को रौंद दिया। सगे भाई दिनेश यादव एवं कमलेश यादव की मौत हो गई, जबकि छह लोग जख्मी हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इससे पहले स्कॉर्पियो सवार बदमाश फरार हो चुके थे।

हजारीबाग में सड़क हादसा...

लिए बनारस जा रहे थे. इसी दौरान चौपारण थाना क्षेत्र में उनका वाहन हादसे का शिकार हो गया. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पांच यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए और बचाव कार्य में पुलिस की मदद की. घायलों को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है. पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के साथ दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है. हादसा किस वजह से हुआ, इसकी आधिकारिक जानकारी जांच पूरी होने के बाद सामने आएगी. एक साथ पांच लोगों की मौत की खबर से गिरिडीह के बिहारो और सलैया गांव में शोक की लहर दौड़ गई है. मृतकों के घरों में चीख-पुकार मची हुई है. हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण घटनास्थल की ओर रवाना हो गए. जिस यात्रा पर लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने निकले थे, वह रास्ते में ही एक बड़े हादसे में बदल गई. इस दुर्घटना ने दोनों गांवों को गहरे सदमे में डाल दिया है.

आगरा एक्स.-वे पर छपरा जा...

पर हादसे की ये घटना पारा थाना क्षेत्र के पास हुई है। यहां सवारियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में करीब 50 से 60 यात्री सवार थे और ये बस राजस्थान के रेवाड़ी से बिहार के छपरा जा रही थी। बस पलटने की सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ एसडीआरएफ और फायर विभाग की टीमों ने मिलकर सभी को रेस्क्यू किया है। दूसरी ओर यूपी के मुजफ्फरनगर में भी भीषण हादसा हुआ। यहां एक बेकाबू कार हाईवे पर पोल से टकरा गई जिसके बाद 6 लोग जिंदा जल गए।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लखनऊ पारा में हुए सड़क हादसे से की घटना का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रभावितों के परिजनों से संवाद कर हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ सभी घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने अस्पताल पहुंच कर हादसे में घायल हुए मरीजों का हालचाल जाना है। उन्होंने सभी घायलों के उचित इलाज के निर्देश दिए हैं। ब्रजेश पाठक ने जानकारी दी है कि ये हादसा एक्सप्रेसवे पर पहले टोल प्लाजा के पास सुबह 6 बजे से 6¬30 बजे के बीच हुआ है। घायलों में से तीन को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया (दो को लोक बंधु अस्पताल में और एक कोचज्ञरूमें)। 31 घायल यात्रियों को लोक बंधु अस्पताल में और 13 अन्य को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (चज्ञरू) ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

दिसंबर 2028 तक गुजरात को...

या तो पूरी हो चुकी हैं या आज यहां शुरू की जा रही हैं। उन्होंने कहा, सबसे पहले, मैं रामापीर टेकरा के बारे में बात करना चाहता हूं। मेरे करियर की शुरुआत इसी रामापीर टेकरा से हुई थी। 1985 में जब मैं वोटर कार्ड और पर्चियां बांटने के लिए रामापीर टेकरा जाता था, तो वहां दोनों तरफ घरों की कतारें थीं और बीच में गंदा नाला और सीवेज का पानी बहता था। वहां पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं था, बीमारियां फैल रही थीं, बच्चों के लिए पढ़ाई-लिखाई की कोई सुविधा नहीं थी और छोटे-मोटे अपराध बहुत होते थे। 2007 में जब नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को पक्के घर देने के लिए एक योजना शुरू की। वर्षों तक इस योजना में कई सुधार किए गए और अब मैंने रामापीर टेकरा के निवासियों को दिए जा रहे घरों का दौरा किया है।

अमित शाह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी को बधाई। आपको बहुत शानदार घर मिले हैं, बिल्कुल वैसे ही जैसे प्राइवेट बिल्डरों द्वारा बनाए गए फ्लैट होते हैं। ये साफ-सुथरे घर हैं, जिनमें पंखे भी लगे हैं। जब यह पूरा प्रोजेक्ट बनकर तैयार हो जाएगा, तो इसी परिसर के अंदर 55,000 से ज्यादा लोगों को सामाजिक सुरक्षा, मनोरंजन, लाइब्रेरी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। कांग्रेस ने इतने वर्षों तक देश पर शासन किया, लेकिन उन्होंने कभी गरीबों की मदद नहीं की। रामापीर टेकरा की हालत देखिए। आज यहां के लोगों को घर मिल रहे हैं। मुझे खुशी है कि उन्हें घर मिल रहे हैं। आज बोपल-घुमा में एक पंप हाउस के लिए भूमि पूजन किया गया। बारिश के समय लोगों के घरों में पानी घुस जाता है। वह इलाका मेरा और भूपेंद्र भाई का चुनाव क्षेत्र है। वहां बहुत पानी जमा हो जाता है। मैंने उनसे वादा किया था कि अगली बार से वहां पानी जमा नहीं होगा।

उन्होंने कहा, काली चौदस के अवसर पर गुजरात और केंद्र सरकार के साथ एक बैठक हुई। इसमें सबसे महत्वपूर्ण चर्चा यह थी कि गुजरात को नशा-मुक्त बनाना है। आप बस एक कॉल (1033) करें और गुजरात सरकार नशा बेचने वालों को जेल में डाल देगी। नशा हमारी युवा पीढ़ी को बर्बाद कर देता है। यह युवाओं को नष्ट कर देता है। नशे से कमाया गया पैसा देश में आतंकवाद के लिए इस्तेमाल होता है। हमने नक्सलवाद को खत्म किया है। अब हमें दिसंबर 2029 तक पूरे देश को नशा-मुक्त बनाना है। हमें दिसंबर 2028 तक गुजरात को नशा-मुक्त करना है। समाज और माता-पिता, सभी को सतर्क रहना होगा। अगर आपके पास कोई जानकारी है, तो हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

464 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह छह-लेन परियोजना सरखेज-गांधीनगर हाईवे पर ट्रैफिक जाम को कम करने और सरखेज तथा गांधीनगर के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए तैयार की गई है। नेशनल हाईवे 147 पर इस्कॉन जंक्शन को साणंद फ्लाईओवर से जोड़ने वाला यह कॉरिडोर कर्णावती क्लब, प्रहलाद नगर और वाईएमसीए से होकर गुजरने वाले वाहनों की आवाजाही को आसान बनाएगा। इससे यात्रियों का यात्रा समय बचेगा और ईंधन की खपत भी कम होगी।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : **शार्दूल विक्रम गुप्त**
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९३८
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : patnaaj@gmail.com
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।